## कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, ग्राहकों को दे देता था फर्जी रसीद
# 15 लाख की धोखाधड़ी करने वाला कलेक्शन एजेंट गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कोतवाली पुलिस ने ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले आरोपी कलेक्शन एजेंट को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय द्वारा निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली आशीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा लगभग 15 लाख रुपये की धोखाधडी कर रुपये हडपने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है।

दरअसल प्रार्थी आशीष पिता स्व.प्रेमचंद पाण्डेय उम्र 43 साल निवासी -ई.एल.सी. चौक (ब्रांच मैनेजर हिंदुजा फाईनेस लिमिटेड कंपनी) द्वारा एक लिखित आवेदन मय दस्तावेजो के धोखाधडी के संबंध में कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया था।आवेदन पत्र की जाँच की गई जाँच में पाया गया कि आरोपी रितिक कोसे पिता दिनेश कोसे उम्र 23 साल निवासी दुनावा जिला बैतुल के द्वारा हिंदुजा फाईनेसं लिमिटेड कंपनी छिन्दवाडा में कलेक्शन एक्जीक्युटिव के पद पर कार्य करते हुए कंपनी द्वारा ग्राहको को वाहन के एवज मे दिये फाईनेंस की रिकवरी के रुपये ग्राहको से प्राप्त कर उन्हे फर्जी रशीद देकर अवैध लाभ अर्जित कर कुल 14,64,387 रुपये का गबन करना पाये जाने से अपराध क्र. 341/2025 धारा 316(5),318(4), 338, 336(3) BNS का अपराध पंजीबध्द किया गया जो आरोपी रितिक पिता दिनेश कोसे उम्र 23 साल निवासी दुनावा जिला बैतुल को दुनावा से गिरफ्तार कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि उसने स्वंय के उपयोग व इलाज हेतु पैसे की आवश्यक्ता होने के कारण ग्राहकों से किस्त की राशि लेकर उनको फर्जी रसीद तैयार कर दी गई थी,आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार,उनि नारायण सिंह बघेल,प्रआर. 824 युवराज रघुवंशी, आर.994 राकेश बघेल,आर. 482 वीरेन्द्र सनोडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चौरई पुलिस ने जब्त की कच्ची महुआ शराब

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री अजय पाण्डेयव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता द्वारा अवैध गतिविधियो में संलिप्त अपराधियो के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत प्राप्त दिशा निर्देशोंके अमल परअनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध चौरई श्रीमती भारती जाट के नेतृत्व मे एवं थाना प्रभारी चौरई गनपत सिंह उईके के कुशल मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी हिवरखेड़ी चेतन मर्सकोलेव चौकी स्टाफ ने दिनांक 06ध्06ध्25 को मुखबिर से प्राप्त सूचना ग्राम बारह बरियारी माचागोरा डेम के डूब क्षैत्र की ओर विमानशा धुर्वे के खेत के पास का नाला मे दबिश देकर एक नफर आरोपी के कब्जे से 04प्लास्टिक की कैन मे 15.15 लीटर अवैध हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब कुल 04 प्लास्टिक की कैन में शराब 60 लीटर कीमती 6000 रुण्को जप्त किया गया है । प्रकरण में 01 नफर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जो माननीय न्यायालय द्वारा जेल निरूध्द करने के आदेश दिये गये हैं । अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार शुदा आरोपीदृओमकार पिता रेवाराम नागवंशी उम्र 38 साल निण बारहबरियारी थाना चौरई जिला छिंदवाड़ा जप्ती संपत्ति दृ1ण्कुल 04 प्लास्टिक की कैन में शराब 60 लीटर कीमती 6000 रु बरामद की।



## गंभीर चोटें आने से नागपुर किया रेफर
# बाइक का पिछला टायर फटने से पिता, बेटा और मां 20 फिट तक घिसटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

तिगांव बाईपास पर ग्राम भंदारगोंदी के करीब आज दोपहर में एक बाइक का पिछला टायर अचानक फट गया। टायर के अचानक फटने से तेज गति से चल रही बाइक का बैलेंस बिगड गया और वह नीचे गिरकर काफी तेजी से सडक पर लगभग 20 फिट दूर तक घसीटते चली गई। बाइक के साथ ही इस पर सवार सीताराम कापसे निवासी धारनी मुलताई, इनकी धर्मपत्नी सरोज और बेटा धीरज भी 20 फिट दूर तक घसीटा गए। इस हादसे में सीताराम के सिर पर गंभीर चोटे आयी है और इन्हें बेहोशी के हालत में ही नागपुर रिफर किया गया। सरोज और धीरज के शरीर पर घसीटे जाने के कारण हल्के घाव हो गए है। इनका उपचार स्थानीय सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परिवार एक ही बाइक पर सवार होकर जामसांवली स्थित पवित्र हनुमान मंदिर दर्शनार्थ जा रहे थे।

# ग्राम राजना में मनाया 'बावड़ी महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मंशा के अनुरूप पूरे मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों के संवर्धन के लिये अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें पांढुर्णा जिले के विकासखंड पांढुर्णा की प्राचीन बावड़ी को स्वच्छ कर बावड़ी उत्सव मनाया गया।

जिला कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन प्रदान करने के लिए पूरे मध्यप्रदेश में बावड़ी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें ऐतिहासिक प्राचीन जलस्त्रोत बावडी. के पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है, जिससे कि आने वाली पीढ़ी के लिए जल बचा रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा ग्राम पंचायत राजना में स्थित प्राचीन बावड़ी परिसर में बावड़ी महोत्सव मनाया गया, जहां पर जल शक्ति पुरस्कार से सम्मानित वॉटर हीरो श्री नीरज वानखेडे. ने जल संरक्षण के लिये मध्यप्रदेश शासन एवं जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की एवं उपस्थित जनों को जल संरक्षण के लिये उपाय बताकर जागरूक किया।

## 3 मरीजों को मिली 1 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद श्री बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 3 गंभीर रूप से बीमार मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से एक लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए तीनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने उनकी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इलाज करने में असमर्थ होने की जानकारी देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित करके तीनों मरीजों की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भी गंभीरता से लेते हुए तीनों मरीजों को एक लाख 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी है।
जिन मरीजों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है उनमें अमरवाड़ा के ग्राम मोरखा निवासी श्रीमती हरो बाई कुमरे पति महेश को 40 हजार, उमरेठ के ग्राम गाजनडोह निवासी कैलाश बाथरी पिता शिब्बूलाल 35 हजार, चांदामेटा वार्ड नंबर 21 मांगली बाजार निवासी मनोज वर्मा पिता जगतलाल वर्मा को 40 हजार की राशि शामिल है। सांसद के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर तीनों गंभीर बीमारी से पीड़ति मरीजों का अस्पताल में इलाज हो सकेगा।

# 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल
## चौकी सिंगोडी, अमरवाडा पुलिस ने किया मानव दुर्व्यापार करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



**गिरफ्तार आरोपीगण** :-(1) कुन्नु उर्फ कंदर्प पिता गोवर्धन नायक उम्र 32 वर्ष निवासी जोकापानी थाना पालालाहड़ा जि. अंगुल (उड़िसा)(2) नंदिनी नायक पति विजय नायक उम्र 48 साल निवासी ग्राम अरकिल थाना रेंगली जि. अंगुल (उड़िसा)(3) राकेश पिता प्रेमनारायण शुक्ला उम्र 36 साल निवासी ग्राम छबारा थाना करेली (नरसिंहपुर)(4) छिदामी पिता विशाखू मालवीय उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम गुरैया, अमरवाडा (छिन्दवाड़ा)(5) नीरज पिता छिदामी मालवीय उम्र 28 साल दोनो निवासी ग्राम गुरैया, (अमरवाड़ा)
**जप्त संपत्ति** :- (01) घटना में प्रयुक्त 05 नग मोबाइल (02) बिक्री रकम 4,000/- (चार हजार रुपये)
**पुलिस टीम** :- चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्र.आर रामदयाल मरावी, हरिप्रसाद उइके, आर. इकलेश, पीयुष, उमाशंकर, म.आर. दिव्या बिसेन व काजल बिसेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं।

पुलिस ने मानव दुर्व्यपार करने वाले अंतर्राज्जीय पांच चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा रविन्द्र मिश्रा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में गम्भीर अपराध के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

5 जून की रात्रि को प्रार्थी सुखांता पिता कपिसा नायक उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गोलबंध, पुलिस थाना रियामाल जिला देवगढ़ (उड़ीसा) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी मां रंगा नायक अपने घर से दिनांक 26/03/2025 ईलाज कराने हेतु देवगढ़ (उडीसा) गई थी । अस्पताल से बाहर निकलने पर कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक एवं नंदिनी नायक मिले जिन्होंने ज्यादा मजदूरी देने का लालच देकर पीडिता रंगा नायक को बहला फुसलाकर नरसिंहपुर लेकर गये जहां पर नरसिंहपुर में राकेश शुक्ला मिला जिसके माध्यम से उडीसा निवासी कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक एवं नंदिनी नायक तथा नरसिंपुर निवासी राकेश शुक्ला के द्वारा चौकी सिंगोडी अंतर्गत ग्राम गुरैया निवासी छिदामी मालवीय एवं नीरज मालवीय को 01 लाख रुपये में बेच दिया गया था। दिनांक 02/06/2025 को मौका पाकर पीडिता रंगा नायक आरोपियों छिदामी मालवीय एवं नीरज मालवीय के घर से भाग गई, जिसे गांव वालों के द्वारा पुलिस चौकी लाया गया । पीडिता के उडिया भाषी होने तथा हिंदी भाषा का ज्ञान न होने से पीडिता को वन स्टाफ सेंटर में सुरक्षार्थ रखा गया । पीडिता रंगा नायक के परिजनों से उडीसा में संपर्क किया गया, उसके बेटे सुखांता नायक के उपस्थित आने पर आरोपीगणो के विरुद्ध अप.क्र 446/2025 धारा 143(2), 127(4), 351(3), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया । प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपीगण (01) कुन्नू उर्फ कंदर्प नायक निवासी जगपानी (उडीसा), (02) नंदिनी गायक निवासी अरविल (उडीसा), (03) राकेश शुक्ला निवासी नरसिंहपुर, (04) छिदामीलाल मालवीय निवासी गुरैया, (05) नीरज मालवीय निवासी गुरैया (छिन्दवाड़ा) को चंद घंटों में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया ।

## कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन समर कैंउपरांत जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता का योजन ओलिंपिक स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें 11,13,15,17,19 आयु वर्ग व सीनियर महिला पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है जिला बैडमिंटन संघ द्वारा शनिवार 7 जून को जिला बैडमिंटन संघ द्वारा एक माह चले ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ इस कैंप में प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं देने वाले कोच अक्षय मक्कड़ , भाविक धुर्वे , भविष्य सूर्यवंशी, अश्वंत मार्को, निकुंज डेहरिया, महिमा यादव , तरुण सोनी , लक्ष्मी मार्को , निष्ठा डेहरिया , पार्थ चौकसे, वैभव वाडिवा , प्रकृति विश्वकर्मा , अंकिता कुम्हरे को सम्मानित किया गया इसी के साथ कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन व अनुशासन में रहने वाले खिलाड़ी वानी साहू , विशेष जुनेजा, राहुल सिसोदिया, लक्ष्य , तनिषा सक्सेना , इशी भावरकर, ध्रुव डोडानी विराट साहू ,निवान साहू, समभावी,विराज जैन यशिका, प्रथमेश चौरसिया व अर्क सोनी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र , मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित किया गया इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि उद्योगपति श्री नरेंद्र साहू , प्रियकांत जुनेजा , इंद्रजीत सिंह बैंस, अरविंद गिरेहटकर, अक्षय मक्कड़, अतिकेश मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे आयोजन एवं कार्यक्रम का संचालन बैडमिंटन कोच व सचिव जावेद खान ने किया जिले की टीम के चयनकर्ता के रूप में इंद्रजीत सिंह बैंस,जावेद खान, राकेश चौरसिया आदि मौजूद रहे।



## हर्रई के ग्राम बरूल में बाबड़ी उत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक आशीष नेमा के मार्गदर्शन में गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर बाबड़ी उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड हर्रई के ग्राम बरूल में बाबड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें बावड़ी के आसपास की सफाई की गई एवं मां नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण कर बाबड़ी उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इसमें महिला भजन मंडली व ग्राम बरूल की महिलाओं के द्वारा मां नर्मदा के भजन गाए गए तथा संध्या काल में दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री आशीष नेमा, परामर्शदाता श्री दीपक मिश्रा, श्री शिवकुमार ऊईके, श्री प्रकाश परतेती, श्री अखिलेश इनवाती, श्रीमती स्वाति गुप्ता एवं नवांकुर संस्था स्वामी सलैया से दशमानसा वाडीबा, श्री सीताराम डेहरिया, श्री अनिल डेहरिया, श्री कृपाल शाह ऊईके तथा प्रदीपन संस्था से श्री मनोज ऊईके, श्री मनोज ईनवाती, श्री प्रवीण, श्रीमती रेखा व विद्यार्थियों में राजश्री ऊईके, नीलमणि, अंश बट्टी, राजेश कहार, प्रदीप गिरी गोस्वामी, सुनील ककोड़िया, तीरथ कुरैची, लक्ष्मण तथा संतोष यादव, ग्राम पटेल श्री प्रेम लाल यादव, श्री अमन सिंह यादव, श्रीमती राजकली यादव, श्रीमती विद्या यादव, श्रीमती प्रीति, श्रीमती आमनिया यादव, श्रीमती शांति बाई, श्रीमती जीनिया बाई, श्रीमती फूलवती, श्रीमती गुलबती, श्रीमती शीला बाई, श्रीमती सुशीला बाई एवं सभी ग्रामीणजन व मातायें, बहने उपस्थित थीं।

## पौधारोपण कर उपस्थित जनों को जल संरक्षण की दिलाई शपथ

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के अंतर्गत प्रदेश के जिलों में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। इसी श्रृंखला में पांढुर्णा कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशन में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्था के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पांढुर्णा विकासखंड की ग्राम पंचायत जामलापानी के ग्राम मरकवाड़ा में जागरूकता चौपाल का आयोजन कर नदी में बने स्टॉप डैम के गहरीकरण के लिये श्रमदान किया। इस अवसर पर संस्था निदेशक श्री विजय धवले, संस्था के नालम कार्यकर्ता सर्वश्री किरण रंगारे, पवन हरफोडे, गणपति भादे, श्रीमती रीना डोंगरे, चायत कर्मी श्री सूर्यचरण नर्रे एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान नदी के तट पर पौधारोपण कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस दौरान श्री धवले ने पानी बचाने के उपायों को बताते हुए नदी-तालाब का गहरीकरण, खेत तालाब, चैक डैम, कंटूर ट्रेंच, स्टॉप डैम के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए जल को संरक्षित करना आवश्यक है, क्योंकि जल के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

# मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मनाया कुर्बानी का पर्व
## मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, बड़ी संख्या में मौजूद रहे मुस्लिम धर्मावलंबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी छिन्दवाड़ा की जानिब से छिंदवाडा शहर व छिंदवाड़ा जिला की तमाम अवामुन्नास को ईदुल अज़हा (बकरा ईद) की बहुत बहुत मुबारकबाद पेश की जाती हैं और इत्तेला दी जाती हैं कि माह जिल हिज्ज (बकरा ईद) के चाँद का शरई सबूत मिल गया हैं, लिहाजा इदुल अजहा (बकरा ईद) का त्यौहार बतारिख शनिवार को मनाया गया।

वहीं शनिवार को रिसाला मस्जिद में ईदुल अज़हा की नमाज सुबह ठीक 07.30 बजे, जनाब मुफ़्ती नाहिद अशरफी साहब अदा कराई गई। नूरी मस्जिद ऊंटखाना में ईदुल अज़हा की नमाज सुबह ठीक 07.30 बजे, जनाब हाफिज उमर अली साहब अदा हुई। बड़ी ईदगाह में ईदुल अज़हा की नमाज सुबह ठीक 08 बजे, जनाब हाफिज हसिबुल्लाह कमर साहब अदा की गई। छोटी ईदगाह में ईदुल अज़हा की नमाज 08.30 बजे, जनाब हाफिज जियाउद्दीन साहब अदा हुई। अकबरी मस्जिद में ईदुल अज़हा की नमाज सुबह ठीक 09 बजे, जनाब हाफिज इरफ़ान रज़ा साहब अदा की गई। नमाज के वक्त बारिश होने की सूरत में दोनों ईदगाहों के अलावा शहर की सभी मस्जिदों में ईदुल अज़हा (बकरा ईद) की नमाज 07:30 बजे से सुबह 09 बजे अदा की गई। लिहाजा वक्त का ख्याल रखा गया। अंजुमन सदर जनाब अमसाल खान और अंजुमन वर्किंग कमेटी आप तमाम लोगों से गुजारिश करती हैं कि जानवरों का वेस्टेज मटेरियन इधर-उधर न डाले, निगम द्वारा घुमाई जाने वाली कचरा गाडिय़ों पर ही डाले और रोड पर खुले में कुरबानियां न करें साफ-सफाई का ध्यान रखे जिससे किसी को भी परेशानी न हों और ईदुल अज़हा का त्यौहार अमन तरीके से मनाई गई।

## स्वस्थ पेड़ काटने वालों के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई, निंद्रा में अधिकारी
# उत्पादन विभाग का कारनामा, साल, बोरर कीड़े से बीमार पेड़ के बजाए काट दिया स्वस्थ पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंज का दुर्भाग्य ही कहा जाए की यहां पर प्रकृति के द्वारा दिए गए पेड़ पौधों का कटना वन विभाग की लापरवाही से आज भी जारी है। जंगल का सफाया मैदानी बन अमले के जंगल में नहीं जाने के कारण हो रहा है, वहीं तामिया में सरई के पेड़ कटने के साथ-साथ बीमारी से भी सूख रहे थे।

ऐसा ही तामिया बीट में विभाग की लापरवाही के चलते प्राप्त जानकारी के अनुसार 104 सरई के पेड़ नाकेदार डिप्टी डेंजर की लापरवाही के कारण साल बोरर कीड़े के लग जाने से नष्ट हुए हुए हरिभूमि ने प्रमुखता से लगातार समाचार प्रकाशन किया था, तब कहीं वन विभाग ने वा मुश्किल संज्ञान लेकर उच्च अधिकारियों को जानकारी प्रेषित की और विशेषज्ञ ने कीड़े लगे पेड़ों को चिन्हित कर इन्हें काटने के सुझाव दिये गए। पेड़ काटे जाने की जिम्मेदारी उत्पादन विभाग की होती है जिसे विधिवत तामिया रेंज से से सूची पेड़ काटे जाने संबंधी दी गई।

पेड़ चिन्हित कराए गए लेकिन उत्पादन विभाग की लापरवाही साफ देखने मिलि कि उन्होंने पेड़ काटने में कोताही बरती और उस कोताही का नतीजा साफ देखने मिल रहा है कि आठ नंबर पेड़ जो काटा नहीं गया जो आज भी जंगल में यह बीमार पेड़ सलामत खड़ा है, जिससे आसपास के पेड़ों में दोबारा साल बोरर कीड़े लगने से इनकार नहीं किया जा सकता, वहीं पेड़ कटाई के साथ ही ढुलाई भी उत्पादन विभाग ने कटाई की प्रक्रिया पूरी मानी जाती है। इस तरह इनके द्वारा चिन्हित पेड़ पूरे काटे गए हैं तो सवाल यह उठता है कि आखिर इस पेड़ के बदले में अच्छे भले स्वस्थ पेड़ की बलि भी दी गई होगी।

इस तरह उत्पादन विभाग की गंभीर लापरवाही के चलते बीमारी फैलने की संभावना बरकरार है, वहीं स्वस्थ पेड़ की बलि देकर उत्पादन विभाग ने अपनी लापरवाही स्वयं सिद्ध कर दी कि अधिकारियों ने जंगल में जाने के बजाय घर बैठे इन कटाई करवाई जिसका नतीजा 8 नंबर पेड़ बीमार आज भी खड़ा है और गिनती के हिसाब से दूसरे पेड़ को काटकर इन्होंने हिसाब पूरा किया इस तरह उत्पादन विभाग की लापरवाही के कारण कहीं दोबारा इस क्षेत्र में साल बोरर कीड़े ना लग जाए और यह रोग महामारी दोबारा ना फैल सके।

इसके लिए इस पेड़ को तुरंत विधिवत काटा जाए एवं अन्य पेड़ काटे जाने वालों के खिलाफ बन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जुर्माना वसूला जाना चाहिए जिससे सबक मिल सके कि ऐसे संवेदनशील मामले में दोबारा ऐसी गंभीर लापरवाही की पुनरावृत्ति ना हो।

## ग्राम रिधोरा में हुआ टंकी गुणवत्ताहीन निर्माण : विधायक विजय चौरे

# 20 दिन पूर्व बनी टंकी से लीकेज हो रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



ग्राम पंचायत में शासकीय योजनाओं के माध्यम से हो रहे निर्माण कार्य के दौरान लगातार अनियमितताएं एवं घटिया निर्माण की शिकायतें आ रही है। घटिया निर्माण का मामला पीपला नारायणवार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रिधोरा में सामने आया है।लाखों रुपए खर्च कर बनाई गई टंकी से पानी लीकेज होता हुआ वीडियो विधायक विजय चौरे के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए पंचायत में घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल दि है। मिली जानकारी के अनुसार 20 दिन पूर्व ही ग्राम पंचायत रिधोरा में ठेकेदार के माध्यम से बनाई गई लाखों रुपए से बनी हुई टंकी का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ था। परंतु टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण होने और शुभारंभ के 20 दिन के बाद ही टंकी लीकेज होने से 24 घंटे पानी बह रहा है।ग्रामीणों के द्वारा टंकी के घटिया निर्माण की शिकायत करने के बाद में विधायक विजय चौरे ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को देखा। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल करते हुए विधायक विजय चौरे ने कहा कीअब भारत का सबसे भ्रष्ट प्रदेश एमपी बन गया है, भ्रष्टाचार की भाजपा सरकार और अधिकारी ठेकेदारों ने सारी सीमाएं तोड़ दी है, 20 दिन पहले ग्राम रिधोरा में पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूरा हुआ, जब ग्राम पंचायत द्वारा इसमें पानी भरा गया तो लगभग पूरी टंकी से बड़ी बड़ी धाराएँ बहने लगी, तीन घंटे में पूरी टंकी का पानी ख़ाली हो गया, गाँव में इस प्रकार का घटिया निर्माण हो रहा है तो बाक़ी गांवों की क्या स्थिति होगी यह सोचने वाली बात है। ठेकेदार और संबंधित अधिकारीयों के ख़िलाफ़ कार्रवाई हेतु मैंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री को पत्र लिखा है, यदि लिपा पोती की गई तो इसकी मैं विधानसभा में लड़ाई लड़ूंगा। 44 वर्ष पहले पूर्व मंत्री स्वर्गीय रेवनाथ चौरे के कार्यकाल में इसी गाँव में एक पानी की टंकी का निर्माण हुआ था जो आज भी अच्छी अवस्था में है और 40 वर्ष अभी उस पुरानी टंकी को कुछ नहीं हो सकता, यही अंतर है भाजपा और कांग्रेस की सरकार में। ठेकेदार द्वारा किए गए घटिया निर्माण के चलते संबंधित विभाग के साथ पंचायत जनप्रतिनिधियों पर भी अब उंगलियां उठ रही है।

## सम्मानित हुए जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के शिविरार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्रुत पंचमी महोत्सव पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के तत्वावधान में सात दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे पूरे जिले सहित देश भर से 250 शिविरार्थियों ने नैतिक शिक्षा के साथ जैनदर्शन का क्रमिक अध्ययन किया। जिनके सभी शिविरार्थियों को विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल शिविर विशेषज्ञ पंडित विराग शास्त्री जबलपुर ने की जिनके साथ शिविर के निर्देशक पंडित अशोक शास्त्री मांगुलकर राघौगढ़, अशोक शास्त्री उज्जैन, अमन शास्त्री आरोन, विदुषी स्वीटी जैन राघौगढ़, पंडित आयुष शास्त्री दिल्ली, अनमोल शास्त्री राघौगढ़, अचल शास्त्री, ध्रुव शास्त्री उपस्थित रहे जिनके हाथों शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया।ये हुए सम्मानित - फेडरेशन सचिव ने बताया कि शिविर को पांच वर्ग में रखा गया जिसमे अरिहंत वर्ग में अद्विक जैन प्रथम, मोक्षा राजेश जैन द्वितीय एवं निष्ठा सुमीतराज पाटनी रहीं। सिद्ध वर्ग में अनवय सीमांत जैन प्रथम, आर्यमान डॉ. विपिन जैन द्वितीय एवं अनय विराग जैन तृतीय रहे। आचार्य वर्ग में आराध्या अंशुल जैन प्रथम, भोर अंकित जैन द्वितीय एवं न्यासा राजेंद्र जैन तृतीय रहीं।

## समाज-निर्माण में अपना जीवन समर्पण कर देने का नाम ही कुर्बानी है : मौलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व इस्लाम धर्म में त्याग और बलिदान का प्रतीक माना जाता है।जिसमें पैगंबर इब्राहिम की अल्लाह के प्रति निष्ठा और बलिदान की भावना को याद किया जाता है। इस अवसर पर पारंपरिक कुर्बानी अदा की गई। जिसमें अल्लाह के प्रति समर्पण और त्याग की भावना को प्रदर्शित किया गया। कुर्बानी का मांस जरूरतमंदों, दोस्तों और परिजनों में बांटा गया।जिससे सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। क्षेत्र में ईद उल अजहा ईद का पर्व हर्ष उल्लास से सम्पन्न हुआ।नगर की जामा मस्जिद ,गरीब नवाज मस्जिद, आयशा मस्जिद मदरसा मोहम्मदिया,अहले हदीस मस्जिद में ईद की नमाज अदा की गई,एवं देश के लिए अमन व शांति की दुआएं करने हजारों हाथ उठ गए।इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी देना एक प्रतीक मात्र है।सही कुर्बानी अपने बुरे कर्मों, बुरी आदतों को कुर्बान कर के समाज-निर्माण में अपना जीवन समर्पण कर देने का नाम ही कुर्बानी है ।हकीकत यह है कि कुर्बानी पैगंबर इब्राहिम की यादगार है । उक्त आशय की तकरीर मस्जिद आयशा में मौलाना मोहम्मद आबिद असरी ने किया और बताया कि अल्लाह ने ख्वाब में दिए गए आदेश पर पैगंबर इब्राहिम ने अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने का फैसला किया था। तभी से बकरा ईद पैगंबर इब्राहिम के विश्वास को याद करने के लिए मनाई जाती है। हज़रत इब्राहिम ने अपने बेटे की मुहब्बत से भी बढ़ कर अपने रब की मुहब्बत को अहमियत दी। ईद के अवसर पर ईदगाह में विधायक सुनील उइके ,रमेश साहू राजेश पाटिल सहित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारक बाद पेश किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर तालाब की सफाई कर पौधरोपण करने ली शपथ



**छिंदवाड़ा।** अनुष्का एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी संबंधित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में व मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मागदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस आदर्श ग्राम चिचोली में मनाया गया । इस अवसर पर जल संवर्धन हेतु ग्राम में स्थित तालाब के चारों ओर साफ-सफाई कर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया साथ ही अध्यक्ष श्रीमती जीतिका विश्वकर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं को पौधारोपण करने एवं पॉलिथिन का उपयोग बंद कर जूट से बनी थैलियों का उपयोग कर हम प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने और अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर जल का संरक्षण करने शपथ दिलाई गई एवं एक पेड़ पर सकोरा बांधकर पक्षियों के लिए पानी और अन्न की उचित व्यवस्था की गई जिससे दोपहरी पक्षियों को पानी मिल सके । कार्यक्रम में उप सरपंच बुद्धो बाई परते, राजकुमारी सुरेश नजरूजी व अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही ।

## शैक्षणिक कर्मचारी पोर्टल 3.0 पर करे शिकायतें रजिस्टर्ड - कर्मचारी संघ

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला पांढुर्ना अध्यक्ष रामगोपाल भोयर ने शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारियों से शिक्षा पोर्टल 3.0 पोर्टल पर उनकी लंबित समस्याएं प्राथमिकता के साथ दर्ज कराने की अपील की है। बताया गया कि यह प्रक्रिया ना केवल वर्तमान कठिनाईयों के समाधान का रास्ता है बल्कि इससे भविष्य में होने वाली किसी भी कानूनी या प्रशासनिक जटिलताओं से बचा जा सकता है। सचिव शत्रुघ्न मसतकर के अनुसार स्थापना, वित्तीय, या अन्य किसी भी प्रकार अनुसलझी लंबित शिकायतों को उक्त शिक्षा पोर्टल पर दर्ज कराना चाहिए। इस प्रकार पोर्टल पर शिकायतें दर्ज होने के बाद उन्हें पुष्ट और वैध मानी जाकर उन्हें अनावश्यक रूप से खारिज नहीं किया जा सकेगा। इस पोर्टल पर कर्मचारीगण प्रथम या द्वितीय क्रमोन्नति, एरियस, वेतनमान फिक्सेशन तथा प्राण कार्ड तथा सेवा पुस्तिका में त्रृटियों की समस्याएं दर्ज की जा सकती है। संघ क संरक्षक चंद्रशेखर इंगले, अध्यक्ष रामगोपाल भोयर सहित सभी पदाधिकारियों ने शासन की इस सुविधा का उपयोग लिए जाने की अपील शिक्षा विभाग के कर्मचारियों से की है।

## अव्यवस्थाः न ड्रेस कोड का पालन, न ही रेट लिस्ट टांगी, कर्मचारी भी कम

# लोक सेवा केंद्र परसवाड़ा में मनमानी, आवेदकों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एक तरफ जहां मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आम लोगों को सस्ता और सरल तरीका से सेवा प्रदान करने के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन सभी दिशा निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए लोक सेवा केंद्र परसवाड़ा के संचालक द्वारा निर्देशों को ताक में रखकर लोक सेवा केंद्र का संचालन किया जा रहा है। बालाघाट जिले में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा संचालित लोक सेवा केंद्र परसवाड़ा में नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसमें ड्रेस सहित अन्य नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं और अपने नियमों के अनुसार ही लोक सेवा केंद्र को संचालित कर रहे हैं। जिसमें लोगों को यह पता नहीं होता है कि आखिर लोक सेवा केंद्र में कौन कर्मी है और कौन आवेदक। इससे लोगों को काफी परेशानियां होती है। गौरतलब है कि विभाग द्वारा लोक सेवा केंद्र संचालन के कई नियम बनाए गए हैं, जिसकी परसवाड़ा केंद्र संचालक अनदेखी करते हुए कर्मियों को रखकर अपने मनमुताबिक उनसे कार्य करा रहे हैं। इस संबंध में जब मीडिया द्वारा लोक सेवा केंद्र में कार्यरत कर्मियों से सवाल किया गया तो वह एक दूसरे का मुंह ताकने लगे और सवालों के जवाब देने में आनाकानी करने लगे।




**नियमों को ताक पर रख की जा रही अनदेखः** लोक सेवा केंद्र में आर.एफ.पी संचलन किये जाने हेतु नियम बन गये हैं जिसमें पहला नियम यह है कि लोक सेवा केंद्र में तीन कंप्यूटर ऑपरेटर एक प्रबंधक एक प्रतिनिधि होना चाहिये। तथा शुल्क तालिका सेवा शुल्क के साथ लोक सेवा केंद्र के सूचना पटल पर चस्पा होनी चाहिए। केंद्र में सभी ऑपरेटर एवीएन संचालक अपना ड्रेस कोड एवीएन आई कार्ड के साथ में उपलब्ध होना चाहिए तथा लोकसेवा केंद्र में कुल पांच लोगों का स्टाफ होता है, जो परसवाड़ा के लोकसेवा केंद्र में नहीं थे। साथ ही लोकसेवा केंद्र में साफ-सफाईएवीएन शौचालय की समग्र व्यवस्था लोक सेवा संचालक को अपने स्तर पर करनी होगी। समाधान एक दिवस से संबंधित जो सातों संचलित एवीएन हितग्राहियों को दी जानी है उसकी सूचना पर जानकारी होनी चाहिए। लोक सेवा केंद्र में पीने के पानी की व्यवस्था भी लोक सेवा केंद्र के द्वारा कराई जाती है। उक्त कोई भी नियम का पालन परसवाड़ा तहसील के लोकसेवा में नहीं किया जा रहा है।

**आवेदकों को नहीं मिलती पूरी जानकारी:** लोक सेवा केंद्र परसवाड़ा में आने वाले आवेदकों को लोक सेवा प्रबंधक के कर्मचारी द्वारा प्रिंट न निकालकर रजिस्ट्रर में सीरियल क्रमांक लिखकर दे देते है, इससे लोग आनलाइन सुविधा का लाभ नहीं उठा पाते। पंजीयन क्रमांक न होने की वजह से आवेदक परेशान होते है। इस बात की जानकारी परसवाड़ा में पदस्थ एसडीएम श्री कौरव को भी है परंतु उनके द्वारा भी लोकसेवा केंद्र संचालक पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जबकि उक्त बात की जानकारी लोक सेवा प्रबंधक बालाघाट अनिल लिल्हारे को दी गई तो उन्होने कहा की परसवाड़ा एसडीएम को इस संबंध में जांच करने के जिले से निर्देश दिए गए हैं।

### इनका कहना है

परसवाड़ा में संचालित लोकसेवा केंद्र संचालक के खिलाफ पूर्व में भी कई बार शिकायते मिल चुकी है। जिसके बाद एसडीएम महोदय को लोकसेवा केंद्र परसवाड़ा की जांच करने एवं कर्मचारियों को नियमानुसार कार्य करने की हिदायत देने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही लोक सेवा केंद्र परसवाड़ा के संचालक और कर्मचारियों को सभी नियमों को पालन करने के लिए कहा गया था, यदि ड्रेस कोड सहित अन्य नियमों की केंद्र संचालकों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**अनिल लिल्हारे, प्रबंधक**
**लोक सेवा प्रबंधन बालाघाट**

## क्षेत्र की खुशहाली और सलामती के लिए मांगी गई दुआ

# कटंगी क्षेत्र में अदा की गई ईद की नमाज

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

त्याग और बलिदान की भावना के प्रतीक के तौर पर मनाए जाने वाले ईद उल अजहा यानी बकरीद 07 जून को कटंगी सहित समूचे क्षेत्र में मनाई गई. ईद उल अजहा के मौके पर कटंगी शहर के मस्जिदों के साथ ही ईदगाह में विशेष नमाज अदा की गई. जहां सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्रित होकर क्षेत्र की खुशहाली और सलामती के लिए दुआ मांगी. सुबह साढ़े 08 बजे शहर और ग्रामीण अंचलों से पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर के ईदगाह और मस्जिदों में तय समय पर नमाज अदा की. ईदगाह में नमाज से पहले नमाजियों को संबोधित कर मौलाना ने शांतिपूर्ण और पारंपरिक तरीके से पर्व मनाने की अपील की. प्रशासनिक व्यवस्था के चलते तहसीलदार सुरेश उपाध्याय और थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले पुलिस बल के साथ ईदगाह पहुंचे. जिन्होंने नमाज अदा कर ईदगाह से बाहर लौटे मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले लगाकर पर्व की बधाई दी. नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद की. नमाज के बाद क्षेत्र में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हो गया, जो अगले तीन दिन तक चलेगा. बता दें मुस्लिम समुदाय बकरीद पर विशेष नमाज अदा करता है और इसके बाद कुर्बानी की रस्म निभाता है. कुर्बानी का मांस तीन हिस्सों में बांटा जाता है. एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों को दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और पड़ोसियों को, और तीसरा स्वयं के लिए रखा जाता है. यह प्रथा सहयोग, समभाव और भाईचारे को बढ़ावा देती है।



कटंगी शहर के अलावा तिरोड़ी, महकेपार, जराहमोहगांव, सुकली, बोनकट्टा में बकरीद का पर्व मनाया गया. इन सभी स्थानों पर स्थित मस्जिदों में भी ईद की विशेष नमाज अदा की गई. हिंदु समुदाय के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को पर्व की बधाईयां दी. इसके अलावा सोशल मीडिया के जरिए भी दिन भर बधाईयों के सिलसिले का दौर जारी रहा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा टिहली बाई माध्यमिक शाला परिसर में रोपित किये गए पौधे

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारत स्काउट गाइड, पतंजलि योग समिति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन टिहलीबाई माध्यमिक शाला भवन के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र का पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण एवं हरीतिमा संवर्धन पर योग गुरु भेजेंद्र चौधरी, आशीष राठौर योग साधक, श्रीमती संगीता नेमा योग शिक्षिका, गोविंद टेंभरे जिला अध्यक्ष पतंजलि योग समिति, खुशबू शर्मा, नंदकिशोर ऐड़े आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।



जिसमें उन्होंने वातावरण में हो रहे जलवायु परिवर्तन जैसे असमय बारिश, बाढ़, आंधी, तूफान, सूखा, पृथ्वी का बढ़ता तापमान आदि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे आम जनमानस अनेक व्याधियों से ग्रसित हो रहे है। इन सभी समस्याओं का निदान अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर उनका संरक्षण के साथ ही डीजल एवं पेट्रोल के स्थान पर बिजली एवं सोलर ऊर्जा का उपयोग करना होगा।

इस अवसर पर अनेक प्रजाति के पौधों का रोपण पर्यावरण रक्षक विश्वेश्वर दमाहे द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु बनाएं गए पौधा बैंक से प्राप्त पौधे रोपित कर किया गया। जिनमें पीपल, करंज, पुत्र जीवा, नीम, बेलपत्र, आंवला आदि है।

रोपित पौधे को बचाने की जवाबदेही पर्यावरण मित्र शिक्षक पंचम हनवत एवं उनकी पूरी टीम में शामिल राजकुमार टेंभरे, अर्जुन आम्बेकर, डुलीचंद कावड़े, डोलीराम आम्बेकर, नंदकिशोर ऐड़े ने लिया। पौधों के रोपण की प्रारंभिक तैयारी गड्ढे, खाद, दवा, मिट्टी एवं पानी की पूर्णता के तहत किया गया।

पौधरोपण के दौरान योग गुरु बी के चौधरी, पर्यारण प्रेमी पंचम हनवत, श्रीमती संगीता नेमा, गोविंद टेंभरे, खुशबू शर्मा, आशीष राठौर, निकिता देव्हारे, नंदकिशोर ऐड़े, डॉ के के कठौते, राजकुमार टेंभरे, डोलीराम भगत जिला प्रशिक्षण आयुक्त, अर्जुन आम्बेकर, डुलीचंद कावड़े, समीर खारपाटे, पर्यावरण विद विश्वेश्वर दमाहे, राधेश्याम चौधरी सदस्य जिला योग आयोग, श्रीमती श्वेता राजू सोनकर, प्रदीप खंडेलवाल, विजय वहिले, श्रीमती मीना पाल, जियालाल पटले, नेतलाल पटले, श्रीमती हर्षा हरि तुरकर, श्याम सुंदर खंडेलवाल, श्रीमती नीता सोनी, शैल सोहाने, होमेश्वर राहंगडाले, योग शिक्षक सुरेश चिमनानी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों में आक्रोश, बन सकता है महामारी का सबब, ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा का है मामला

# पानी निकासी न होने से गली में जमा हो रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के वार्ड क्रमांक 16 में गलियों में गंदा पानी ठहरने से ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर है, इसके विरोध में ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। ग्राम की महिलाओं ने बताया कि हमारे वार्ड में बनी रोड का पानी हमेशा से लगाए गए पाईप पुलिया से ही जाता था। परंतु ग्राम में ही निवास कर रहे नईम शेख द्वारा उस पाईप पुलिया को बंद कर दिया गया। जिससे कुछ दिनों पूर्व बारिश होने से रोड में पूरा जलभराव हो गया जिससे पूरे वार्ड में सडन्न फैलने लगी और मोहल्ले में गंदी बदबू आने लगी और ऐसा ही आलम रहा तो बहुत जल्द ही महामारी जैसे भयंकर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। इसकी शिकायत हम वार्ड वासियों द्वारा ग्राम पंचायत में की गई जिस पर ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उक्त जल निकासी के रास्ते को खोलने के लिए जेसीबी मशीन भी लाया गया परंतु नईम शेख एवं उनकी पत्नी के द्वारा धमकी देकर उक्त कार्य को करने से मना किया गया। जब हम ग्रामीणों द्वारा इस पर विरोध जताया गया तो नईम शेख और उसकी पत्नी हमें गाली गलौच करने लगी। यह सब देख सचिव द्वारा जेसीबी मशीन को वापस ले जा लिया गया और हमारी समस्या ज्यों की त्यों आज भी बनी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि बारिश के पूर्व अगर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की जाती है तो हम वार्डवासियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

**पानी निकासी को लेकर पंचायत में 9 जून को बैठक :** पानी निकासी की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के सचिव श्री ठाकरे ने बताया की पानी निकासी को ग्राम के ही नईम शेख द्वारा रोका गया है। जिसके कारण पूरे वार्ड में गंदगी और जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है तथा वार्डवासियों में भी खासा आक्रोश व्याप्त है। उक्त समस्या के निराकरण के लिये आगामी 9 जून को ग्राम पंचायत कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें निर्णय लेकर वार्ड क्रमांक 16 में हो रही समस्या का तुरंत निराकरण किया जाएगा।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के वार्ड क्रमांक 16 में पानी निकासी में हो रही समस्या की जानकारी आपके द्वारा बताई जा रही है, इस संबंध में रिसेवाड़ा सचिव से चर्चा कर बारिश के पूर्व पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा।

**रामगोपाल यादव, सीईओ,**
**जनपद पंचायत लांजी**

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायलः जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर थाना क्षेत्र में सारसडोल गांव के पास एक सड़क हादसा हुआ। रात के समय एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घूर सिंह सैय्याम (24) घायल हो गए। घूर सिंह घंसौर से अपने गांव सारसडोल जा रहे थे। सारसडोल गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दुर्घटना वाली जगह पर आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मनाया बावड़ी उत्सव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के आदेशानुसार विकासखंड समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के मार्ग दर्शन में ग्राम चावड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। बावड़ी की पूजा की गई व बावड़ी को रंग रोगनकर रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेमचंद उइके(सरपंच), घनश्याम साहू, सतीश साहू, सनत साहू, झाड़ू लाल अरेवा, विपिन मालवी,बाल्मिक सोनी, तेजराम डोंगरे, शिवकुमार सिंघाड़े, दिलीप साहू, रोजगार सहायक सौरभ सोनी सभी को पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

# जिले के लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी रिवाल्वर और प्रमाण पत्र से होंगे सम्मानित

**पुलिस मुख्यालय भोपाल ने केएफ रूस्तमजी पुरस्कार 2021-22 के लिए 51 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची जारी की है। सिवनी जिले के लखनादौन के एसडीओपी अपूर्व भलावी को परम विशिष्ट श्रेणी में प्रथम स्थान मिला है।**

## एसडीओपी ने 14 लाख के इनामी नक्सली को पकड़ा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अपूर्व भलावी को यह सम्मान बालाघाट में नक्सल उन्मूलन अभियान में उनके विशेष योगदान के लिए दिया जा रहा है। उन्हें एक रिवाल्वर और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

परम विशिष्ट श्रेणी में कुल चार अधिकारियों का चयन किया गया है। अति विशिष्ट श्रेणी में 6 और विशिष्ट श्रेणी में 41 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी चयनित हुए हैं।



### 2019 से 2023 तक बालाघाट पदस्थ रहे भलावी

*भलावी ने 2019 से 2023 तक बालाघाट में विभिन्न पदों पर कार्य किया। वे सीएसपी बालाघाट, एसडीओपी परसवाड़ा और नक्सल विरोधी हॉक फोर्स में सहायक सेनानी रहे। इस दौरान उन्होंने कईनक्सल विरोधी अभियानों का सफल नेतृत्व किया। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 10 अगस्त 2021 को मिली। कान्हा नेशनल पार्क से सटे जैरासी गांव में चलाए गए अभियान में खटिया मोचा दलम का सक्रिय माओवादी संदीप कुंजाम पकड़ा गया। 26 साल के संदीप पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल 14 लाख रुपए का इनाम था। संदीप से पूछताछ के बाद मिली जानकारी से पुलिस को कई और सफलताएं मिलीं थीं।*

# एक साथ सजदे में झुके हजारों सिर, मांगी अमन चैन की दुआएं

### शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया गया ईद-उल-अज्हा का त्योहार



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यालय सहित जिले में शनिवार को ईदुल अजहा का त्योहार शांति व सदभाव के साथ मनाया गया।सुबह से ही नन्हें मुन्ने बच्चे, नौजवान व बुर्जुग ईदुल अजहा की नमाज अदा करने के लिए मस्जिद व ईदगाह की ओर अपने घरों से निकल पड़े। ईदगाह में नमाज अदा होने के बाद अमन चैन व शांति की दुआएं मांगी गई। वहीं दुआ के बाद एक दूसरे को गले मिल ईद की मुबारकबाद दी गई। नमाज के बाद बकरों की कुर्बानी दी गई। मुख्यालय सिवनी में बडी ज्यारत ईदगाह के अलावा घसयारी मोहल्ला ईदगाह, मस्जिद गरीब नवाज, मस्जिद फैजाने रजा, मस्जिद सूफिया, मस्जिद फैजगंज पिंजारी मोहल्ला, मस्जिद नूरअंबिया बस स्टैंड, मस्जिद गौसिया एकता कालोनी व बुधवारी बाजार जीएन रोड स्थित मस्जिद ईदगाह में बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पहुंचकर नमाज अदा की। जिले के विकासखंड मुख्यालय छपारा, लखनादौन, केवलारी, धनौरा, बरघाट, घंसौर, कुरई सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित ईदगाह व मस्जिदों में भी ईदुल अजहा की नमाज अदा की गई।

## कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र निकले शातिर चोर

# 10 चोरी की मोटर सायकिल सिहत चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा है। इसी क्रम में चोरी की 10 मोटर सायकिल पकड़ने में कोतवाली पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घटना दिनांक 04/02/2025 को प्रार्थी अनिल सनोडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जिला अस्पताल परिसर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 83/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दिनांक 25/03/2025 को प्रार्थी धर्मेन्द्र बरमैया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जिला अस्पताल के पार्किंग स्टेण्ड से से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 219/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 30/05/2025 को प्रार्थी विजेन्द्र कुमार बघेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीजी कॉलेज से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 441/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 04/06/2025 को प्रार्थी दिनेश बट्टी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीजी कॉलेज से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 455/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 04/06/2025 को प्रार्थी धनश्याम राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पीजी कॉलेज से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 456/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 04/06/2025 को प्रार्थी दीपक सनोडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि न्यायालय परिसर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 457/2025 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



उक्त घटनाओं का पटित करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी कॉलेज का छात्र होना प्रतीत हो रहे थे जिनकी की तलाश पतासाजी हेतु मुखबिर एवं सोशल मिडिया की सहायता ली गई।

उक्त आरोपियों की पहचान विकास उर्फ गब्बर सनोडिया एवं शुभम सनोडिया दोनों निवासी जैतपुर खुर्द थाना बंडोल के रूप में हुई जिनकी तलाश की गई मिलने थाना लाकर सुझबुझ से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों के द्वारा आपस में मिलकर सिवनी एवं पांढुर्णा जिला के अलग अलग स्थानों से 10 सायकिल चोरी करना स्वीकार किये जिसके कब्जे से 10 मोटर सायकिल बरामद की गई जिसमें 06 मोटर सायिकल में पूर्व में धाना कोतवाली सिवनी एवं 01 मोटर सायकिल में पूर्व में अपराध थाना लखनवाड़ा में अपराध पंजीबध्द है एवं 03 मोटर सायकिल धारा 35(1-5) बीएनएसएस, 303(2) बीएनएस में जप्त कर वाहन मालिक की पतासाजी की जा रही है। नाम आरोपी 1. थाना कोतवाली सिवनी के अपराध क्रमांक 83/2025, 219/2025, 441/2025, 455/2025, 456/2025, 457/2025 धारा 303(2) बीएनएस, परिवाद क्रमांक 06/2025 धारा 35(1-5) बीएनएसएस, 303(2) बीएनएस में गिरफ्तार विकास उर्फ गब्बर सनोडिया पिता रमेश सनोडिया उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जैतपुर खुर्द थाना चंडोल जिला सिवनी।

2. अपराध क्रमांक 455/2025,456/2025 में गिरफ्तार शुभम सनोडिया पिता झामसिंह सनोडिया उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम जैतपुर खुर्द थाना बंडोल जिला सिवनी जाती मसरुकाः-10 नग मोटर सायकिल किमती लगभग पांच लाख पचास हजार रुपये जप्त की गई।

**विशेष भूमिकाः** निरीक्षक किशोर बामनकर, उनि दयाराम शरणागत, राहुल काकोडिया, सउनि संतोष बेन, जयदीप सेंगर, प्र.आर. विशाल भांगरे, मनोज पाल, तिलकराम धुर्वे, चन्द्र प्रकाश अडमे, राजेन्द्र बघेल, नवीन तिवारी आर. सिध्दार्थ दुबे, विक्रम देशमुख, मनोज हिरनखेड़े, दिलीप उड़के, प्रशांत गजभिये, इरफान खान, म. आर. रीना, सैनिक कृष्ण कुमार कौशल की सराहनीय भूमिका रहीं।

### इंस्ट्रागाम पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनिल मेहता द्वारा जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है की वर्तमान परिवेश को दृष्टिगत रखते हुये सोशल मिडिया पर सततः निगरानी कर अवांछनीय गतिविधियों पर तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। थाना अरी के एक व्यक्ति द्वारा सोशल मिडिया अकाउंट (इंस्टाग्राम) से भड़काऊ स्टोरी गौवंश से संबंधित पोस्ट कर हिंदु समुदाय की भावनाओ को ठेस पहुँचाया गया।

उक्त सूचना पर अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) बरघाट ललित गठरे व्दारा थाना प्रभारी अरी को आदेशित किया की इस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करें। गठित टीम व्दारा इंस्टाग्राम आई.डी. विन्हित कर उक्त व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर गहनता से पूछताछ की, उक्त व्यक्ति द्वारा अपराध करना स्वीकार करने पर थाना अरी मे अपराध क्रमांक 167/25 धारा 196,299 **BNS** का पंबध्द कर विवेचना में लिया जाकर उक्त व्यक्ति को माननीय न्यायालय सिवनी में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। गिरफ्तार आरोपीः- आसिफ खान पिता अब्दुल राजिक खान उम्र 32 वर्ष निवासी जुम्माटोला अरी थाना अरी जिला सिवनी (म.प्र.) सहारनीय कार्यः अनु.वि.अधि. (पु.) ललित गठरे, आशीष खोब्रागड़े प्रभारी अरी, प्रआर. राजकुमार बघेल प्रआर. राजेश चौधरी आर. पारस तुरकर, आर. चेतन शर्मा, आर.दिनेश मस्करे, आर. हेमंत राहंगडाले शामिल रहे।

# वन निगम की जमीन का हुआ गलत नामांतरण

**सिवनी जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसमें मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड की शासकीय भूमि को निकालोनी के प्लॉट के रूप में नामांतरण कर दिया गया। यह मामला सिवनी के ज्यारत नाका SBI कॉलोनी की भूमि खसरा नंबर 98/1 से जुड़ा हुआ है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जानकारी के अनुसार, इस जमीन का नामांतरण स्टेट बैंक कॉलोनी के प्लॉट के रूप में कर दिया गया। इस जमीन पर कालोनी प्लॉट कर्ता अरुण श्रीवास्तव द्वारा प्लॉट काटे गए थे, जिसकी कीमत लगभग 2400 रुपए प्रति वर्गफीट बताई जाती है। उल्लेखनीय है कि उक्त भूमि का नामांतरण पिछले 15 वर्षों से नहीं हुआ था, क्योंकि यह शासकीय भूमि थी। 03.01.11 को अरुण श्रीवास्तव के खिलाफ एक वाद न्यायालय में दर्ज किया गया था। इसके बाद 19.02.2015 को न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि विवादित भूमि 0.12 हेक्टेयर राज्य की भूमि है। हाई कोर्ट में इस पर SA 687/2015 क्रमांक से मामला दायर किया गया, जिसकी सुनवाई अभी जारी है।

इसके बावजूद, बिना न्यायालय के अंतिम निर्णय के 2023-24 में उक्त भूमि का नामांतरण कर दिया गया और प्लॉट बेच दिए गए। दस्तावेज़ों के अनुसार, नामांतरण आदेश क्रमांक 3245/31-6/2023-24 दिनांक 08/2/24 के माध्यम से यह कार्य हुआ।

सबसे गंभीर बात यह है कि बिना वन विभाग की अनुमति और हाई कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना, नामांतरण को लागू कर दिया गया, जिससे शासकीय भूमि को निहाथों में बेचे जाने का रास्ता साफ हुआ।

इस पूरे मामले में प्रशासन और वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या बिना अनुमति के सरकारी भूमि का नामांतरण करना वैध है? अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन और वन विभाग इस गंभीर मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

## घनश्याम गोस्वामी एवं गोविंद चन्द्रवंशी के जुआ फड़ पर डूण्डासिवनी पुलिस का बड़ा प्रहार

**गेहरुटोला की पहाड़ी के नीचे चल रहा था 52 पत्तो का खेल**

# 13 जुआड़ी गिरफ्तार, तीन फरार,50 हजार रूपये नगदी, 10 मोबाईल, 01 कार, 02 मोटर साईकिल जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि डूण्डासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंजई के पास गेहरुटोला की पहाड़ी के नीचे जुआ फड़ चल रहा है, काफी लोग ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं की सूचना तस्दीक पर जो तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर जुआ रेड कार्यवाही की गई।

जुआ फंड पर 13 जुआडी जुआ खेलते मिले जिनके पास से एवं फड से कुल 50,200 रुपये नकद 52 ताश के पत्ते, एक त्रिपाल, एक ईयान कार, दो मोटर साईकिल एवं 09 एंड्राईड एवं (01 की पैड मोबाईल जप्त किया गया। बाद उक्त आरोपियों के विरुध्द मामला पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

जप्तीः 50,200 रुपये नकद, दो मोटर साईकिल MP22 MF2220, MP22 F8434, एक होण्डा ईयान कार क्र.MP22CA3119, 09 एंड्राईड एवं 01 की पैड मोबाईल। जुमला कीमती कुल 8,10,200।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र. आर. शेखर बघेल, प्र. आर. सुन्दर श्याम तिवारी, प्र.आर. मनोज मरावी, आर. नीतेश राजपूत, आर. कृष्णकुमार भालेकर, आर. सीताराम जावरे, आर. चंद्रदीप हिवारे, रक्षा समिति सदस्य हिमांशु साहू शामिल रहे।





### जुआं फड़ पकड़े गये

जिसमे केसरी पिता अंतराम यादव उम्र 50 साल नि. ग्राम पिंडरई कान्हीवाडा 02. नितेश पिता राजेन्द्र सूर्यवंशी उम्र 28 साल नि. ग्राम पिंडरई कान्हीवाडा 03. भीकम पिता हेमराज चंद्रवंशी उम्र 50 साल नि. कान्हींवाडा 04. हरीराम पिता बारेलाल यादव उम्र 21 साल नि. भोमा कान्हीवाडा 05 राम उर्फ रामस्वरुप पिता प्रेमलाल मर्सकोले उम्र 28 साल नि. पिंडरई कान्हीवाडा 06. बब्लू पिता स्व. लक्ष्मण प्रसाद अहिरवार उम्र 32 साल नि. बामनवाडा लखनादौन 07. शमशाद उर्फ सोनू पिता वहीद कुरैशी उम्र 32 साल नि. बदनूरटोला लखनादौन 08. अमर पिता प्रेमीलाल श्रीवास्त्री उम्र 25 साल नि, वार्ड नं. 03 सुभाष वार्ड लखनादौन 09. शेख समीम पिता शेख गफूर उम्र 39 साल नि.ग्राम डुंगरिया डूंडासिवनी 10. शंकर उईके पिता शहनशाह उईके उम्र 27 साल नि. कबीर वार्ड डूंडासिवनी 11. संजू कुमार पिता नरसिंह काकोडिया उम्म्र 34 साल नि. उडेपानी थाना डूंडासिवनी 12. शेख रमजान पिता शेख गुलाम उम्र 38 साल नि. कबीर वार्ड डूंडासिवनी 13. आकाश पिता रामलाल श्रीवाखी उम्र 32 साल नि. कबीर वार्ड डूंडासिवनी।

### फरार आरोपियों मे

घनश्याम गोस्वामी निवासी बरघाट नाका सिवनी (2) गोविंद चन्द्रवंशी निवासी ग्राम भोमा (3)- गोलू यादव उर्फ मामा निवासी बरघाट नाका टैगोर वार्ड सिवनी। उल्लेखनीय है कि घनश्याम गोस्वामी जुआ खेल में खिलाने का आदी है जिस पर अन्य थानों में अपराध पंजीबध्द है, तीनों आरोपियों के घर पर दबिश दी गई जो अपनी सकुनत से फरार है जिनकी सरगमी से तलाश की जा रही है।

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

# संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत जनता तक पहुंचाएंगे मोदी सरकार की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भाजपा जिला कार्यालय में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यशाला की शुरुआत भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, पूर्व जिला सुदर्शन बाझल, पूर्व अध्यक्ष सुजीत जैन, एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश पाल सिंह गरिमामय उपस्थिती रही और इनका कार्यकत्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।




संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम के जिला प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम तवारी ने आयोजित करे संबोधित करते हुये कार्यशाला जानकारी दी कि आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिये अलग अलग दायित्ववान कार्यकत्ताओं की टोली बनायी गयी है। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन किये है। उनकी नीतियों से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने बताया कि 5 जून से प्रारंभ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दौरान जनपद और मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे। आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि संकल्प से सिद्धि के 11 साल कार्यक्रम के तहत पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल का काला अध्याय जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनके प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसमें संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी तो वही पर्यावरण दिवस कार्यक्रम प्रभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल गोल्हानी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का प्रभारी युवराज सिंह रांहगडाले को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय उईके को आपातकाल का काला अध्याय के कार्यक्रम का प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष सुदर्शन बाझल को सौंपा गया है।

वही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी ने कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। कार्यशाला में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, भाजपा जिला महामंत्री अजय डागोरिया, महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, विजय उईके जिला उपाध्यक्ष, डां. अभिजीत सिंह चौहान, राजेश उपाध्याय मंचासीन रहे। कार्यशाला में जिला पदाधिकारी, मोर्चो के अध्यक्ष प्रकोष्ठो के जिला संयोजक मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री एवं मंडलों की टोलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीयुष दुबे ने किया।

### जेएसपीएल नाइट टूर्नामेंटः जैस और बॉयस के बीच खिताबी आज

**सिवनी।** जेएसपीएल टूर्नामेंट के 11वे दिन एमसीजी ग्राउंड पर दुधिया रोशनी में दो सेमीफइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफइनल मैच जैस इलेवन और यलगार के मध्य हुआ। जैस के कप्तान अरुण याद्‌व ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया यलगार ने निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाकर 90 रन का लक्ष्य जैस इलेवन को दिया। यलगार की और से विजय माथुर ने 22 गेंद में 30 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैस ने यह लक्ष्य 8. 1 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर 90 रन बनाकर 4 विकेट से यह मैच जीत कर फाइनल मै प्रवेश किया। जैस इलेवन की ओर से ओम ने 13 गेंद मै 29 रनों की शानदार पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया रहे। आज के दोनों सेमीफाइनल मैच की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, कबीर वार्ड के पार्षद संजय भलावी, टूर्नामेंट के अध्यक्ष संजय ठाकुर, जोएब भाई और राजा बैटरी रहे। निर्णायक की भूमिका में शुभम बघेल, अनिकेत और सुनील सिंह रहे। टूर्नामेंट का फाइनल 8 जून रविवार को शाम 7:30 बजे से एमसीजी ग्राउंड पर रहेगा

# बसपा द्वारा बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर वाहन रैली एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन 9 जून को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बहुजन समाज पार्टी द्वारा 9 जून को स्मृति लॉन सिवनी में अमर बलिदानी क्रांतिवीर बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है एवं चार पहिया वाहन रैली की शुरुआत रजवाड़ा लॉन से होगी जो गांधी भवन के पास स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा में माल्यार्पण के बाद छिंदवाड़ा चौक जाएगी वहां से वापस आकर डॉ अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मृति लॉन पहुंचेगी जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इजी. सी पी सिंह केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर बसपा विषेश अतिथि केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर बालिश चौधरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंजी. रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा तथा इंद्रसिंह उईके जिला प्रभारी मंडला, तामसिंह परते जिला प्रभारी बसपा सिवनी जलसों ऊईके जनपद सदस्य घंसौर , बी एल कुमरे बसपा नेता सुंदर कुमरे जनपद सदस्य बिछिया द्वारा संबोधित किए जाएगा ज्ञात हो बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड राज्य के उल्ली हातू नामक ग्राम में आदिवासी परिवार में हुआ था जबकि बलिदान 9 जून 19 सौ को रांची जेल में हुआ था बिरसा मुंडा का संघर्ष ब्रिटिश सरकार के जमींदारी प्रथा एवं राजस्व व्यवस्था के खिलाफ थी।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा द्वारा दी गई एवं सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील डी एल अहिरवार जिला प्रभारी,लालसिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष, मनोहर डहेरिया जिला बी व्ही एफ संयोजक, एड सतीश यादव जिला उपाध्यक्ष , मुन्ना चौधरी जिला महासचिव,रामभवन डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद साहू संगठन सचिव रवि मेश्राम विजय धुर्वे प्रभारी सिवनी कैलाश डहेरिया चंद्रशेखर गौतम प्रभारी केवलारी, सुभाष चौधरी,प्रकाश कमरे प्रभारी बरघाट ,रामसिंह रजक शैलेन्द्र कोसरो ,एड नरेंद्र अहिरवार, रामप्रसाद बारमाते जयकुमार डहेरिया ने की है।

## ईद पर गरीब बेसहारों की मदद करें और दिखावे के लिए कोई काम न करें
# जिले में अदा की गई ईद की नमाज
## काजी बोले- मां-बाप की खिदमत करें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में शनिवार को मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अजहा का पर्व पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया। दिन की शुरुआत फज्र की नमाज से हुई, इसके बाद जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह और मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने विशेष नमाज अदा की।

नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में जमा श्रद्धालुओं ने देश में अमन, चैन और तरक्की के लिए दुआ मांगी। मुस्लिम बहुल इलाकों में त्योहार की खास रौनक देखने को मिली।



### ईद-उल-अजहा का धार्मिक महत्व

यह पर्व हज़रत इब्राहिम और उनके पुत्र हज़रत इस्माईल की अल्लाह के प्रति अटूट आस्था और बलिदान की स्मृति में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि अल्लाह ने हज़रत इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए उनसे उनकी सबसे प्रिय वस्तु की कुर्बानी मांगी।

इब्राहिम अपने पुत्र को कुर्बान करने को तैयार हो गए और दोनों ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध ली, ताकि भावना में कोई विचलन न आए। जैसे ही उन्होंने छुरी चलाई और पट्टी खोली, तो देखा कि वहां एक दुंबा (भेड़) रखा था और इस्माईल पास ही मुस्करा रहे थे। इसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है, जिसमें श्रद्धालु अपनी क्षमता अनुसार अल्लाह की राह में कुर्बानी देते हैं।



### पर्व के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

ईद के मौके पर शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों और मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस जवानों की तैनाती रही और हर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद नजर आया। जिले में यह पर्व हर साल की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

शहर काजी अब्दुल हबीब नूरी ने मां-बाप की खिदमत और गरीब बेसहारों की मदद करने को, ईद के असली मायने बताए। जिन्होंने अपने बयानों में सभी लोगों को मिलजुल कर रहने, नियम कानूनों का पालन करने, गरीब बेसहारों की मदद करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि आज वह दिन है जिस दिन का इंतजार कई गरीब बेसहारा यतीम लोग करते हैं। उन्हें उम्मीद होती है कि कोई उन्हें भी अपनी इस ईद की खुशी में शामिल करें इसीलिए चाहिए कि सबसे पहले ईद की खुशियों में गरीब यतीम बेसहारों को याद किया जाए, उनकी मदद की जाए, उनकी जरूरतों को पूरा किया जाए यही ईद के सच्चे मायने हैं। दिखावे के लिए कोई काम नहीं करे।

## आदेश : 10 कॉलोनाइजर पर एफआईआर होगी : 5-5 लाख का जुर्माना भी लगेगा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्टर न्यायालय ने नगर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी निर्माण के मामले में कार्रवाई की है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने शनिवार को 10 कॉलोनी निर्माणकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही प्रत्येक पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश भी दिया है।

एसडीएम गोपाल सोनी ने सीएमओ को पत्र लिखकर बालाघाट नगर, गायखुरी, सरेखा, आंवलाझरी और बूढ़ी के अवैध कॉलोनी निर्माणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने पत्र लिखा है। यह आदेश 25 अप्रैल से 4 जून के बीच जारी किए गए हैं।

### इन पर होगी कार्रवाई

मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1961 की धारा 339 (ग) (घ) के तहत कार्रवाई की जाएगी। वार्ड-9 आवलाझारी के मणी पति राकेश जैन, गायखुरी के राकेश कुमार पिता टटूलाल चौधरी, बालाघाट के मुनेंद्र पिता रोहिणी, देवटोला के जसवंतलाल पिता नेतलाल लिल्हारे, गायखुरी के शिवशंकर बिसेन पिता ईसाराम बिसेन, बूढ़ी की प्रमिला पति चिंतामन धुवारे, सरेखा की पुष्पकिरण लिल्हारे पति निरंजन लिल्हारे, गायखुरी के दीपक लिल्हारे, बालाघाट के नरेंद्र पिता आज्ञाराम गांधी, बालाघाट की चंद्रकला पति गुलाब।

## सीएमएचओ के आकस्मिक निरीक्षण में मुख्यालय पर अनुपस्थित मिले कर्मचारी, होगी कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप द्वारा शनिवार को परसवाडा विकासखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहनपुर और सोनेवानी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दोनों केंद्रों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और एएनएम बिना किसी पूर्व सूचना के मुख्यालय में अनुपस्थित मिली। ग्रामीणों ने सीएमएचओ को जानकारी दी की कार्यदिवस में भी सीएचओ और एएनएम मुख्यालय पर निवास नहीं करती है। जिससे स्वास्थ्य सेवायें प्रभावित हो रही है। सीएमएचओ डॉ उपलप ने सोनेवानी की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रीतिकला सुलाखे तथा एएनएम सीमा चौहान तथा मोहनपुर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बिजली नाग और एएनएम ताज़वी खान के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

निर्धारित दर पर शराब विक्रय नहीं करने पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

## एमएसपी से कम और एमआरपी से अधिक पर नहीं किया जाएगा मदिरा का विक्रय

### 8 मदिरा दुकानों पर हुई टेस्ट पर्चेस की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिले में एमएसपी से कम एवं एमआरपी से अधिक पर मदिरा विक्रय करने वाले वृत्त प्रभारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। शुक्रवार को आबकारी आयुक्त ग्वालियर द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ये निर्देशित किये गए है कि जिले में स्थित मदिरा दुकानों द्वारा न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) से कम एवं अधिकतम



विक्रय मूल्य (एमआरपी) से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सहायक आबकारी आयुक्त श्री सुरेंद्र कुमार उरांव ने बताया कि शनिवार को जिले में संचालित 8 मदिरा दुकानों पर टेस्ट पर्चेस की कार्यवाही की गई। जिनमें एक मदिरा दुकानों पर एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय होना पाया गया। जिसमे विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही सभी मदिरा दुकानों पर एमएसपी एवं एमआरपी की जानकारी देने वाला क्यूआर कोड भी चस्पा किया जा रहा है।

## गंगा दशहरा पर करमसरा जलाशय में हुआ दीप दान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है और उसके तहत नदी, नालो, तालाब, कुआ, बावडी की साफ सफाई एवं जल संरक्षण कैसे हो सकता है उस पर नगरपालिका अध्यक्ष मानसिंह मेरावी के निर्देशानुसार नगरपालिका क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है ।और आज 05 जून को नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड ने गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर करमसरा जलाशय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम मां गंगा के छाया चित्र कि पूजा अर्चना कर दीप प्रवज्लित कर माल्यार्पण किया गया तत पश्चात मां गंगा को दीप जलाकर दीप दान किया गया । इस अवसर पर मुख्य रूप से मानसिंह मेरावी अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड, सभापति मधु सेन्दरे, सुबेदार सिंह कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत जैन, भाजपा मंडल महामंत्री विजय वल्के, सीएमओ दिनेश बाघमारे, वरिष्ठ कार्यकर्ता लखन बिसेन, बृजलाल चौधरी, बंशीलाल पटले, भागरती बंजारा, अनिल डहेरिया, श्रीमती तनूजा सैयाम, छबीलता राहंगडाले, राजेश नागेश्वर, अशोक ब्रमनोटे, सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्ड वासी उपस्थित रहे ।



## इनडोर स्टेडियम परिसर में किया गया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष संदीप मिश्रा के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर स्थानीय इनडोर स्टेडियम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगरपालिका के पार्षदगणों, भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया।

इस मौके पर स्टेडियम परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया और उनके संरक्षण की जवाबदारी नगरपालिका के कर्मचारियों को सौंपी गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रीति शिव, पार्षद मोनू लिमजे, पार्षद दीपा प्रवीण रूसिया, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष



श्रीमती स्मिता जायसवाल, महामंत्री सुनील पिपरेवार, शैलेन्द्र सेठी, किरण शर्मा, सिकंद्रा सरपंच कन्हैयालाल खैरवार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## धड़ल्ले से चालू है सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, खबर के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सरकार द्वारा प्रतिबंध के बाद भी लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग निरंतर कर रहे हैं। शहरी क्षेत्र में तो स्थिति और भी भयावह है। एक जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बेरोक-टोक होता है। प्रतिबंध लगने के बाद भी दुकानदार खुलेआम अपने दुकान से सिंगल यूज प्लास्टिक में सामान बेच रहे हैं। वहीं इन सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग अधिक मात्रा में नगर में संचालित ठेकों से लगे अहातों में ज्यादा मात्रा में हो रहा है परंतु प्रशासन द्वारा इस ओर कोई सख्त कदम न उठाने से दुकानदारों के हौसले बुलंद है और वे निडर होकर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे है। गौरतलब है की कुछ दिनों पूर्व ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किया गया था जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष ने अपना पक्ष रखते हुए दुकानदारों को हिदायत देने के साथ सख्त कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया था। परंतु सप्ताह बीत जाने के बाद भी नगर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से ठेके के पास संचालित अहाता संचालकों के हौसले बुलंद है।



### इनका कहना है

मेरे द्वारा टीम बनाकर नगर की दुकानों में भेजा जाएगा, जहां भी मानक के अनुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक की खरीदी बिक्री नहीं पाई जाएगी। उन दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी और सामान भी जब्त किया जाएगा।

**कमलचंद सिंहसार ,एसडीएम लांजी**

कबीरपंथी समाज के लिए गौरवपूर्ण अवसर : आर राजा सोनवाने

## बैहर में आज पधारेंगे पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब

हरिभूमि न्यूज बैहर।

बालाघाट जिले की बैहर तहसील में आज कबीर प्रगट उत्सव के इस महापर्व अवसर पर कबीरपंथी समाज के आराध्य गुरु नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी का आगमन हो रहा है।जिसकी पुर्व तैयारियां कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के द्वारा की जा रही है। जानकारी अनुसार बता दें की कबीरपंथी समाज धर्मनगर दामाखेड़ा में विराजमान हुजूर श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब जी जो वंश व्यलिष गद्दी दामाखेड़ा के परम पूज्य गुरु है, जिनके सोलहवे वंशज के रूप में नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी है, जो अपने नवोदय यात्रा के तहत संपूर्ण भारत भ्रमण कर रहे हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य जीव दया आतम पूजा का संदेश देना है। विभिन्न राज्यों का भ्रमण कर अब मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों और तहसीलों में अपने विशेष संदेशों को लेकर पहुंच रहे हैं, इसी तरह आज बैहर पहुंचकर कबीर आश्रम मंदिर बैहर में ध्वजा रोहन कर हजारों अनुयायियों को संबोधित करेंगे।



### कबीर प्रगट उत्सव और शोभा यात्रा रहेगा आकर्षण का केंद्र

कबीरपंथी समाज बैहर अपने विविध कार्यक्रम और सात्विक खानपान के लिए जाने जाते है, जिनके आराध्य भगवान श्री सदगुरु कबीर साहेब जी है, जिनके प्रगटोत्सव को धूमधाम से मनाया जाता है। प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी कबीरपंथी समाज बैहर कबीर जयंती के इस पावन अवसर पर आकर्षण शोभा यात्रा, आनंदी चौका आरती, एवं महाप्रसादि भोजन भंडारा का विशेष आयोजन सुनिश्चित किया गया है। और इस वर्ष भी श्री सदगुरु कबीर साहेब के अनुयाई भारी संख्या में पहुंचने की संभावनाएं है, चूंकि स्वयं आराध्य गुरु नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी अपने नवोदय यात्रा के तहत बैहर की पावन धरा पर पधार रहे है। जो अपने जीव दया आतम पूजा के संदेश को सत्संग के माध्यम से संबोधित करेंगे। जिसमें हजारों अनुयायियों की उपस्थिति आकर्षण का केंद्र रहेगी। साथ ही आनंदी चौका आरती महंत श्री मुक्तावन दास साहेब धर्मनगर दामाखेड़ा के द्वारा संपादित किया जाना तय किया गया है।

### कबीरपंथियो के लिए गौरवपूर्ण अवसर : आर राजा सोनवाने



कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के संरक्षक एवं नगर पालिक परिषद् बैहर के उपाध्यक्ष श्री सुनील धार्वे के आदेशानुसार व कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने के निर्देशन में केडीवी मिशन बैहर के सौजन्य से नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी के आगमन की विशेष तैयारियां की गई है, श्री सदगुरु साहेब बैहर की पावन धरा पर लगभग 2 बजे पधारेंगे जिनके स्वागत में पद चलित कलश शोभा यात्रा कंपाउंडर टोला चौक से कबीर मंदिर आश्रम वार्ड नंबर 6 तल ले जाया जाएगा, कबीर आश्रम में नवोदित वंशाचार्य के हस्ते ध्वजारोहण किया जाएगा तत्पश्चात जीव दया आतम पूजा के संदेश को मंच के माध्यम से हजारों की संख्या को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने ने समस्त कबीरपंथियो को कबीर आश्रम पहुंचकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है और कहा है की कबीरपंथी समाज के लिए यह गौरवपूर्ण अवसर है , की नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब जी स्वयं बैहर की पावन धरा पर पधारकर कबीर प्रगट उत्सव में शामिल होंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से पनिका समाज के संरक्षक श्री सुनील धार्वे , कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता आर राजा सोनवाने,कोमल सोनवाने, अतीत दास भासंत, विपत दास , देवान भादू दास भासंत, तेज दास सोनवाने, अर्जुन दास कोठियार, अमृत दास छपारा, प्रमोद पनरीया,पनरिया,बखरू दास धार्वे, इंद्रदास सोनवाने, राजू दास परवार, संजय मांगरे,ओमकार मांगरे, मनीष सोनवाने , राजू धारवैया , कृष्णा मांगरे, गीता सोनवाने, रानी परवार, रमिया भासंत,लक्ष्मी भासंत, उमेश मुरुचुले, सोहन मांगरे, गणेश भासंत , अजय सार्वेश , दिनेश शार्वेस, मेहतर दास सहित भारी संख्या में आमीन माता महिला मंडल बैहर एवं कबीरपंथी समाज उपस्थित रहेंगे।

## मोवाड में अंतर्राज्यीय पुलिया के किनारे हुआ गड्ढा दुरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलाजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोवाड में बावनथडी नदी पर बने हुए पुलिया के पहले छोर पर गड्ढा हो गया है जिसका कंक्रीट उखड कर लोहे की सरिया बाहर निकल गई जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता और दुर्घटना होती है। जनपद सदस्य पुजा बंटी नागपुरे एंव ग्रामीणो के द्वारा प्रशासन से पुलिया के पहले छोर पर निर्मित हुए गड्डे को दुरस्त करने की मांग की है, जिसके लिए जिला प्रशासन को अनुरोध पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। जनपद सदस्य पुजा बंटी नागपुरे ने बताया की अंतर्राज्यीय पुलिया के पहले छोर के किनारे कांक्रीट उखड कर गड्ढा हो गया है और लोहे की सरिया बाहर निकल गई है ।यह गड्ढा करीब छह माह पूर्व से निर्मित हुआ है। निर्मित हुए गड्डे की वजह से दुर्घटना होती है एंव आवागमन में परेशानी होती है। जिसको दुरस्त करने की मांग की गई । जिसके लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया गया ताकि शीघ्र समस्या का समाधान हो सके। जानकारी के अनुसार यह अंतर्राज्यीय पुलिया है जो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर मोवाड और बपेरा के मध्य बावनथडी नदी पर करीब बीस साल पूर्व बना हुआ है। यह जो मार्ग है एक ओर बालाघाट की ओर जाता है तो दूसरी ओर मार्ग तुमसर से नागपुर महाराष्ट्र की ओर जाता है। दो राज्य की सीमा के मध्य बना हुआ पुलिया व्यापार और रोजगार के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। आए दिन पुलिया के ऊपर से चार पहिया और दो पहिया वाहन सहित मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है। लेकिन मोवाड में पुलिया के शुरुआत में पहले छोर पर गड्ढा निर्मित हुआ है जो आवाजाही को प्रभावित करता है। जिससे दुरस्त करने की मांग जनपद सदस्य पुजा नागपुरे सहित ग्रामीणो एंव राहगीरो ने की है।



### म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**कटंगी।** कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों और संघ की गतिविधियों से कर्मचारियों को अवगत कराने के लिए 07 जून को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की विकासखंड स्तरीय बैठक का आयोजन शनिवार को कटंगी के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में किया गया. शाम 05 बजे जिलाध्यक्ष अशोक बिसेन की प्रमुख उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई. बैठक में आगामी 29 जून को जिला मुख्यालय बालाघाट में आयोजित होने वाली बैठक के संबंध में भी काफी विस्तार से चर्चा की गई।




